## खबर संक्षेप

### आंखों का नंबर उलटपुलट मामले में शुरू हुआ आरोप प्रत्यारोप का दौर

**पांढुर्ना।** गत दिनों स्थानीय नागरिक प्रमोद कोल्हे ने अपनी बेटी वंशिका की दृष्टि खराब होने का आरोप पवन आय केयर नामक चष्मे की दुकान पर लगाया था। दूसरी तरफ पवन आय केयर के संचालक पवन मादी ने इस आरोप को गलत बताया है। प्रमोद कोल्हे की शिकायत है कि इनकी बेटी को नेत्र चिकित्सक द्वारा दोनों आंखों के लिए अलग अलग नंबर का चष्मा बनाए जाने को कहा था जिसका विवरण चिकित्सक की फाइल में लिखित रूप से मौजूद है। लेकिन उक्त दुकानदान ने दोनों आंखो में लगने वाले नंबर अलटपलट दिए जिससे वंशिका की आंखें में पहले से भी जादा दोष उत्पन्न हो गया। प्रमोद कोल्हे ने 5-6 माह बाद जब दोष दूर नहीं होने पर पुनः नेत्र चिकित्सक से संपर्क किया तब जाकर आंखों का नंबर अलटपलट करने का मामला उजागर हुआ। प्रमोद कोल्हे ने अपनी बेटी की आंखों का दृष्टि दोष बढने के लिए पवन आय केयर को जिम्मेदार बताया है। इस मामले में पवन मोदी ने अपन पक्ष रखते हुए कहा कि प्रमोद कोल्हे ने अपनी बेटी का चष्मा 20 माह पहले 26 सितंबर 2023 को बनवाया था। यदि चष्मा गलत बना था तो उसकी शिकायत कुछ दिनों में ही सामने आनी चाहिए थी। इनके द्वारा 20 माह बाद शिकायत की गई जिससे समझदार लोग समझ सकते है कि लापरवाही किसकी ओर से हुई है। इन्होंने कहा कि हर 6 माह के बाद ग्लास चेंज करने की जरूरत होती है, और शिकायतकर्ता ने 20 माह बाद मुझसे संपर्क किया।

### गोधूलि वृद्धाश्रम में मनाया गुरु पर्वी महोत्सव

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा में 108 श्री तारण तरण दिगंबर जैनाचार्य श्रीगुरू महाराज के समाधि दिवस गुरु पर्वी महोत्सव एवं उनके परम भक्त जिनशासन सेवक सेठ इंद्रकुमार जैन पेंटर साव चौरई वालों की प्रथम पुण्य तिथि पर अहिंसा प्रेमी जैन बंधुगण नगर के गोधूलि वृद्धाश्रम पहुंचे और वहां सेवा कार्य कर जियो ओर जीने दो की मिशाल पेश की।इस अवसर पर सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक जिनशासन सेवक, ऋषभ जैन पिंटू भैया, महेंद्र जैन, दिलीप नामदेव, अक्षित विश्वकर्मा, श्रीमती संगीता जैन, फाल्गुनी जैन, काव्या जैन, भव्य जैन, अक्षरा जैन, कुशल जैन सहित पाठशाला के अहिंसा प्रेमी विद्यार्थियों ने सभी 86 बुजुर्गों को अपने हाथों से भोजन कराया।

### रेतमाफियाओं को नहीं विभाग का खौफ, धड़ल्ले से किया जा रहा परिवहन

# संगम घाट पर जमकर चल रहा रेत उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिले में इन दिनों अवैध रेत का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। अधिकारियों की निर्ष्क्रियता के चलते रेत माफिया बिना किसी खौफ़ के नदियों से अवैध रुप से रेत निकाल कर जमकर मुनाफा कमा रहे है। इन दिनों शहर के कुलबहरा नदी के संगम घाट जो कि सर्रा और सोनपुर के बीच मे है।

सूत्रों की मानें तो इस संगम घाट से रेत माफ़िया जमकर कर रेत का अवैध उत्खनन कार्य में जुटे हुए है । साथ ही इनकी इस कदर दबंगई चल रही है। यदि अन्य कोई व्यक्ति इस नदी से रेत निकालना चाहें तो उसे पहले पक्की रॉयल्टी न देकर दे रहे कच्ची रॉयल्टी यह पूरा रेत उत्खनन का अवैध कार्य रात के अंधरे में होता है। देर रात ट्रेक्टर नदी से रेत निकालकर पेड़ो एवं झडियो में छुपाकर स्टॉक कर लेते हैं। और सुबह के समय यह रेत को ठिकाने लगा देते है। सूत्रों की माने तो यह सभी लोग रेत ठेकेदार के गुर्गे बताए जा रहे है। यह रेत निकालने वालों को पक्की रॉयल्टी न देकर कच्ची रॉयल्टी देकर शासन को मिलने वाला राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे है। रॉयल्टी देना पड़ता है। तब जब जाकर यह दबंग उसे रेत निकालने की परमिशन देते है। दबंगई के चलते इन्होंने पुरे घाट से रेत निकाल निकालकर छलनी कर दिया है। दरअसल बताया जा रहा है कि यह दबंग लोग एक सत्तारूढ़ पार्टी के नेता के समाज के है। इसी का फायदा उठाकर यह बेखौफ़ होकर रेत के अवैध उत्खनन कर रहे है। न ही इन्हें अधिकारियों को खौफ़ और न ही कार्यवाही का डर है। इससे आप अंदाजा लगा सकते हो कि यह रेत माफिया किस तरह अपने अवैध कारोबार से जमकर मुनाफा कमा रहे है।

### कुआं बादला, सेहराढाना, घटलिंगा सर्किल की नदियों को किया जा रहा छलनी

तामिया के ग्राम दौरियाखेडा, देलाखारी, प्रतापगढ़ बादला, के राजस्व भूमि की नदियों से पटवारी एव तहसीलदार के अघोषित संरक्षण में बरसों से रेत का अवैध उत्खनन होता चला रहा है। वहीं खनिज निरीक्षक का इन रेत चोरों को खुला संरक्षण है जिसके बलबूते में दिन, रात रेत की चोरी करते चले आ रहे हैं। इस चोरी में राजनैतिक एवं प्रशासनिक अधिकारी संयुक्त रूप से शामिल हैं और यह चोरी शासन की है। इस कारण किसी को कोई शिकवा शिकायत नहीं हो पाती। यही इस क्षेत्र में रेत चोरी का मूल करण बरसों से बना हुआ है। हर अधिकारी ने इस चोरी की परंपरा को वा दस्तूर जारी रखा है। रेत चोरी का आलम हो गया है कि अब राजस्व की नदियों से लाखों घन मीटर रेत की चोरी हो चुकी है। अब इन नदियों में रेत समाप्त हो गई है, लेकिन सोना बन चुकी इस रेत में अब वन विभाग के मैदानी कर्मचारी भी अघोषित रूप से शामिल हो गए है और वह वन भूमि में बहने वाली नदियों से रेत चोरी में सहयोगी बन बैठे हैं। जिसके बलबूते तामिया रेंज की कुआं बादला, घट लिंगा सेहरा ढाना सर्किल की बीटों में में बहने वाली नदियों से रेत का अवैध उत्खनन जमकर हो रहा है। इस क्षेत्र में बहने वाले नदी नालों की ओर जंगल के रास्ते रेत चोरी के वाहन पहुंच रहे है।



### सिविल अस्पताल में चल रहा उपचार

## तेंदूपत्ता संग्राहक महिला-पुरुष पर जंगली सुअर ने किया हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज सुबह 10 बजे विकासखंड के ग्राम घोगरीसाहनी के करीब जंगल में मजदूरी कर रहे साहेबराव कवडेती और अपने ही खेत के पास काम करने गई महिला सुमनबाई मसराम को जंगली सूबर ने घातक हमला कर घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार साहेबराव को सूबर के नाखूनों से गहरी चोटें आई है इसलिए इन्हें नागपुर रिफर कर दिया गया है। वहीं सुमनबाई को हल्की चोटे है इसलिए इनका उपचार स्थानीय सिविल अस्पताल में किया जा रहा है।

इस मामले में रेंजर प्रभुराम मुंछाला ने बताया कि वन्य प्राणी के हमलें में घायल हुए लोगों को विभाग की तरफ से इलाज का पूरा खर्चा दिया जाता है। यदि प्राइवेट अस्पताल में इलाज किया तब भी उसका खर्च घायलों को दिया जाता है। इस बात की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी गई है कि आप निश्चिंत होकर घायलों का इलाज करा सकते है।

## आज से छिंदवाड़ा-पांढुर्णा के पर्यटकों को एक माह तक किफायती दामों में मिलेगा होम-स्टे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा व पांढुर्णा जिले के पर्यटक आने वाले एक माह तक बहुत कम दामों में पर्यटन ग्रामों में बने होम स्टे में रहकर ग्रामीण पर्यटन का आनंद ले सकेंगे। कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के साथ मिलकर ग्रीष्मकालीन ऑफर पर्यटकों के लिए दिया है। मंगलवार 20 मई से 20 जून 2025 तक छिंदवाड़ा व पांढुर्णा के पर्यटक इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। इस दौरान पर्यटकों को बहुत कम दामों में होम स्टे में रहने व स्वादिष्ट भोजन का लाभ उठाने को मिलेगा। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित पर्यटन ग्राम सावरवानी, चोपना, धूसावानी, चिमटीपुर, काजरा, गुमतरा, देवगढ़ के सभी होम स्टे में ऑफर का लाभ मिलेगा। ग्रीष्मकालीन ऑफर को शुरूआती दौर में ही बेहतर रिस्पाँस मिला है। सभी होम स्टे संचालक पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाएं, इसके प्रयास किए जा रहे हैं।

## भरतादेव में एनीकट में चल रही गहरीकरण व सफाई का लिया जायजा



**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा 30 मार्च से 30 जून 2025 तक गंगा संवर्धन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में निकाय द्वारा नगर के सभी नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों को सफाई, संरक्षण एवं पुनर्जीवित हेतु प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय द्वारा सोमवार को भरतादेव एनी कट में चल रहे गहरीकरण एवं सफाई कार्य का निरीक्षण किया एवं वहां पानी में पनप रही हरी घास को निकालने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निगमायुक्त ने समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान निगमायुक्त के साथ सहायक यंत्री श्री विवेक चौहान उपस्थित रहे।

## रामाकोना उपसरपंच ने कनिष्ठ अभियंता को हटाने सौंपा ज्ञापन

**रामाकोना।** सोमवार को ग्राम पंचायत उपसरपंच के द्वारा मुख्य अभियंता विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपते हुए रामाकोना में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता म.प्र. विद्युत मण्डल ग्राम रामाकोना के द्वारा कार्य में लापरवाही ग्रामिणों से वाद विवाद आदि कार्य को लेकर स्थानांतरण एवं कार्रवाही करने की मांग की है,एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए उपसरपंच संतोष चौधरी ने बताया कि ग्राम रामाकोना विद्युत मण्डल में कनिष्ठ अभियंता रामाकोना 4 वर्ष से पदस्थ है। उनकी लापरवाही के कारण ग्राम रामाकोना जनसेवा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री म.प्र. शासन के कार्यक्रम में लापरवाही के कारण इन्हें कलेक्टर महोदय छिन्दवाड़ा द्वारा निलबन किया गया था।ग्राम रामाकोना के ग्रामिनो द्वारा घरेलु कनेक्शन मागने पर भी उन्हे अनदेखी कर शासन की योजना का लाभ नही दिया जाता है जिससे ग्रामिण जनता अलग मिटर नही ले पा रहे है,ग्रामिण जंन विद्युत मण्डल रामाकोना में जाकर अपने परिवार से अलग एवं ग्राम पंचायत रामाकोना द्वारा एन.ओ.सी. देने पर भी विद्युत कनेक्शन नही दिया जाता है।

## शहर में आज निकाली जायेगी विशाल तिरंगा यात्रा

**छिन्दवाड़ा।** छिंदवाड़ा शहर में विशाल तिरंगा यात्रा वाहन रैली 20 मई मंगलवार को निकली जाएगी। इस रैली में नगर के सभी सामाजिक, धार्मिक, निजी संस्थाओं और विभिन्न संगठनों के नेतृत्व में निकाली जाने वाली इस रैली में सांसद विवेक बंटी साहू सहित भाजपा के सभी संगठनों और मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। तिरंगा यात्रा वाहन रैली 20 मई को शाम 4:30 बजे काली मंदिर नरसिंहपुर नाका से निकलकर , शनिचरा बाजार, गांधी गंज, स्टेशन, चार फाटक, छोटी बाजार, मेन रोड, गोलगंज, फव्वारा चौक, कलेक्ट्रेट से अंबेडकर चौक, जेल तिराहा से मेजर अमित ठेंगे प्रतिमा पर राष्ट्रगान के साथ समापन होगा। नगर मंडल एक अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, नगर मंडल दो अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, नगर मंडल तीन अध्यक्ष नवीन बारस्कर, नगर मंडल चार अध्यक्ष श्रीमती लीला बाजोलिया और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश साहू ने सभी सामाजिक, धार्मिक, निजी संस्थाओं और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों एवं भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से तिरंगा यात्रा वाहन रैली में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## सांसद पहुंचे लोगों के सुख दुख में

**छिन्दवाड़ा।** तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर कपुर्दा पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने श्री षष्टी देवी सिद्ध पीठ माता मंदिर कपुर्दा में धि- विधान से पूजा अर्चना करते हुए जिलेवासियों के लिए सुख- समृद्धि की कामना की। वहीं चौरई में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सुनील वात्सल्य के निवास स्थान पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। वही धर्मो रक्षति रक्षितः का पालन करने वाले सांसद श्री साहू ने सोनपिपरिया में माता रानी के मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसके पूर्व सांसद श्री साहू सिवनी प्राणमोती में स्वर्गीय चौधरी निरंजन सिंह के श्रद्धांजली कार्यक्रम में पहुंचे और भगवान से प्रार्थना की कि वे स्वर्गीय चौधरी निरंजन सिंह को अपने श्री चरणों में स्थान देते हुए उन्हें मोक्ष प्रदान करे इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व विधायक रमेश दुबे, जिला पंचायत सदस्य एवं विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बबलू पटेल, चांद नगर परिषद अध्यक्ष ठाकुर दानसिंह, मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह ठाकुर, विजेन्द्र ठाकुर, मदन राय, धरमिंसंह वर्मा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नीरज बंटी पटेल, भाजपा अल्पसंख्यक जिला मोर्चा अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, जितेन्द्र राय, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरपाल इवनाती, चौधरी पराग सिंह, चौधरी गजेन्द्र सिंह, चौधरी नरेन्द्र सिंह, चौधरी बोध सिंह, चौधरी गजेन्द्र सिंह, चौधरी अनील सिंह, चौधरी राजेश सिंह, चौधरी सत्यप्रकाश सिंह सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## सेना के शौर्य ने दुश्मनों को नेस्तनाबूद किया : बंटी

### चांद, पांजरा, चौरई, कुंडा और कपुर्दा में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सांसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपरांत और आतंकवाद पर विजयश्री हासिल करने के बाद देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू के नेतृत्व में जिले भर में तिरंगा यात्रा निकल रही है। रविवार को कोयलांचल क्षेत्र में विशाल तिरंगा यात्रा निकालने के बाद सोमवार को चौरई के विधानसभा क्षेत्र में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ चांद के शासकीय कॉलेज में स्थित ग्राउंड से किया गया। यह यात्रा चांद से होते हुए पांजरा, चौरई, कुंडा और कपुर्दा पहुंची। कपुर्दा में राष्ट्रगान के साथ तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने विजयश्री हासिल की है। प्रधानमंत्री द्वारा सेना को खुली छूट दी गई थी। जिसका परिणाम रहा है कि भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में घुसकर आतंक के हर ठिकाने को नेस्तानाबूत कर तिरंगे का परचम लहराया। हमें हमारी सेना पर गर्व है। हमारी सेना ने एक बार फिर अपनी वीरता, शौर्यता और पराक्रम का परिचय दिया है। हमारी सेनाओं के पराक्रम से हमें गर्व की अनुभूति होती है।

## बुटिक में आग लगने से 5 लाख का सामान खाक



**पांढुर्ना।** स्थानीय शंकरनगर क्षेत्र के दिव्य दिशा बुटिक एवं पार्लर में कल देर रात्रि शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। इस दुर्घटना में लगभग 5 लाख रू. की सामग्री जलकर खाक होने की जानकारी संचालिका पुष्पा बोबडे ने दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना में रेडीमेड कपडे, सिलाई के लिए महिलाओं द्वारा दिया गया ड्रेस मटेरियल, मशीनरी, साडियां, पार्लर के उपकरण तथा सजावट का फर्निचर जल गया है। जब आग की लपटें पडोसियों ने देखी तब उन्होंने तब सचालिका को इस दुर्घटना की जानकारी मिली।

## लंबित रखने पर संबंधित अधिकारी का रुकेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

**28 मई को मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दौरा प्रस्तावित-** कलेक्टर श्री सिंह ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 28 मई को तामिया विकासखंड की ग्राम पंचायत छिंदी में का दौरा कार्यक्रम प्रस्तावित है।

उन्होंने समस्त जिला अधिकारियों को इस दौरे की तैयारी पूर्ण सजगता और समन्वय से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के करकमलों से अधिक से अधिक क्षेत्र के हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए सभी विभाग तैयारी कर लें। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, 'सिकल सेल' रोग से संबंधित स्वास्थ्य शिविर, होम स्टे योजनाओं की प्रदर्शनी एवं जनजातीय समाज द्वारा लोकनृत्य प्रस्तुतियों के आयोजन की भी तैयारी प्रारंभ कर दें। उन्होंने अधिकारियों को समस्त कार्यक्रमों की बारीकी से तैयारी सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश सभी विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने बताया कि हेल्पलाइन प्रकरणों की ग्रेडिंग रिपोर्ट किसी भी समय जारी हो सकती है, अतः सभी अधिकारी आज प्राथमिकता के आधार पर अधिक से अधिक शिकायतों का संतोषजनक समाधान सुनिश्चित कराएं।

## समाचार पत्र कार्यालय में घुसकर पत्रकार से मारपीट करने पर 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास

### न्यायालय ने कुल 4 हजार 800 रुपए का लगाया अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कोतवाली थानांतर्गत एक दैनिक समाचार पत्र के कार्यालय में घुसकर तोडफ़ोड़ करने और पत्रकार से मारपीट के मामले में न्यायालय ने चार आरोपियों को वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपियों पर ४ हजार ८०० रुपए का अर्थदंड भी लगाया। न्यायालय गोपाल जाटव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी छिंदवाड़ा के द्वारा मामले में फैसला सुनाया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी छिंदवाड़ा परितोष देवनाथ के द्वारा पैरवी की गई। यह था मामला कलेक्ट्रेट के सामने गुलाबरा मार्ग पर सिविल लाइन स्थित एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के कार्यालय में 15 मार्च 2021 रात लगभग 10.30 बजे देव डेली नीड्स के संचालक आरोपी दीपक साहू, देवेंद्र उर्फ देव साहू, श्याम कुमार सोनी एवं राज चौहान ऑफिस में आये और पत्रकार से अभद्रता करते हुए मारपीट और तोडफ़ोड़ करने लगे। आरोपी समाचार के प्रकाशन को लेकर आक्रोशित थे। पत्रकार द्वारा गाली देने एवं तोडफ़ोड़ करने से मना करने पर सभी ने झूमाझटकी कर मारपीट की।

इस दौरान आरोपियों ने बेल्ट, लोहे की रॉड से मारा जिससे पत्रकार को चोटें आईं। आरोपियों ने जाते-जाते पत्रकार को धमकी दी कि आज तो बच गया दोबारा हमारे खिलाफ अखबार में कुछ लिखा तो जान से मार देंगे। प्रार्थी पत्रकार की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 323/34, 451, 427, 506 (2) भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की और प्रकरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इन आरोपियों को हुई सजा जिला लोक अभियोजन अधिकारी परितोष देवनाथ ने बताया कि आरोपियों दीपक पिता खुशीलाल साहू उम्र 20 वर्ष निवासी परसोदी पोस्ट कन्हरगांव, देवेंद्र उर्फ देव साहू पिता खुशीलाल साहू उम्र 29 साल निवासी परसोदी पोस्ट कन्हरगांव (दोनों वर्तमान निवासी सिविल लाइंस) श्याम कुमार सोनी पिता पूनाराम सोनी उम्र 21 साल निवासी ग्राम चिरवानी एवं राज चौहान पिता मनमोहन सिंह उम्र 26 साल निवासी शक्ति नगर गुलाबरा को भादवि की धारा 323/34 में 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 427/34 में 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 458 भादवि में 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 4 हजार 800 रूपए अर्थदंड से दंडित किया गया।

### पात्र व योग्य उम्मीदवारों को नहीं मिला मौका, नियमों का किया उल्लंघन

# पीएचडी परीक्षा में जमकर हुई अनियमितता, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय में अनियमितता का शिकार हुई पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया ने योग्य व पात्र उम्मीदवार छात्र-छात्राओं का मनोबल तोड़ दिया है।अपनों व चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए विश्वविद्यालय के जिम्मेदारों ने सारे नियम व कायदों को ताक पर रख दिया।कुलपति के सुपुत्र से लेकर गर्ल्स कॉलेज में पदस्थ कुछ कर्मचारी के नाम भी सूची में शामिल है। नियम के खिलाफ जाकर प्रवेश लिए जाने का कड़ा विरोध कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई ने किया है।

विगत दिनों सम्पन्न हुई पीएचडी प्रवेश परीक्षा एवं साक्षात्कार के उपरांत जारी की गई अंतिम सूची में शामिल नामों को लेकर कई तरह के प्रश्न छात्र-छात्राओं के द्वारा उठाए जा रहे।जो छात्र अथवा छात्राएं साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं हुए उनका नाम भी अंतिम सूची में पीएचडी के लिए प्रकाशित किया जाना अपने-आप में गम्भीर अनियमितता की श्रेणी में आता है।एनएसयूआई ने प्रवेश परीक्षा व साक्षात्कार पर आपत्ति दर्ज कराते हुए पीएचडी को लेकर अब तक विश्वविद्यालय स्तर पर की गई सम्पूर्ण क्रियाकल्पों की विशेष जांच कर सम्पूर्ण तथ्यों को उजागर करने की मांग की है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय के कुल सचिव को सौंपा है। प्रस्तुत ज्ञापन में अनियमितताओं के साथ ही बरती गई लापरवाही का भी खुलासा किया गया है।

एनएसयूआई ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जिन छात्र-छात्राओं ने डी.ई.टी परीक्षा नहीं दी साक्षात्कार में उन विद्यार्थियों का नाम कैसे आया यह गम्भीर मिलीभगत है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। डीईटी की परीक्षा के उपरांत आपत्ति लगाने के लिए जो समय उम्मीदवारों को नियमानुसार दिया जाता है वह नहीं दिया गया। आरएसी कमेटी से बिना पास हुए शोध निदेशक की सूची प्रकाशित होना घोर लापरवाही की श्रेणी में आता है।

विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को नियमों के खिलाफ जाकर प्रवेश दिया गया।विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2022 में आयोजित स्नातक एवं स्नातकोत्तवर की परीक्षा की अंकसूची आज दिनांक तक प्रदान नहीं की गई इसका कारण स्पष्ट किया जाए। विश्वविद्यालय द्वारा कापियों का मूल्यांकन सही ढंग से नहीं हो रहा है और प्रत्येक परीक्षा में एवरेज मार्किंग हो रही है।

## तुअर खरीदी केंद्र पर आ रही अनेक समस्याएं

# तुअर खरीदी को लेकर जपं सदस्य उतरे मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



जनपद पंचायत सौसर के जनपद पंचायत सदस्यों ने मंगलवार को सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल को समर्थन मूल्य पर की जड़ी तुवर खरीदी और पंजीयन में आ रही और निमितताओं की जांच करने को लेकर ज्ञापन सोपा है, सौसर कृषि उपज मंडी में बने भंडारण केंद्र में समर्थन मूल्य पर की जा रही तुवर खरीदी को लेकर बार-बार शिकायतें आने के बावजूद भी प्रशासन में बैठे हुए अधिकारियों के द्वारा किसानों की समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते अब खरेदी अधिकारियों के खिलाफ किसानों में आक्रोश पनप रहा है।

सौसर जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते ने तुवर के पंजीयन में अनियमित्ता की जाँच के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि समर्थन मूल्य पर की जा रही तुवर की खरीदी में भारी पैमाने पर लापरवाही अनियमितताएं सामने आ रही है,जिसकी प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा बिंदुवार जांच करनी चाहिए,साथ ही खरीदी के दौरान जिन कर्मचारियों तुवर खरीदी को लेकर गोलमाल और किसानों के साथ में दुर्व्यवहार किया जा रहा है,ऐसे कर्मचारियों पर कार्रवाही करनी चाहिए, ज्ञापन में जनपद पंचायत सदस्यों के द्वारा किसानों का तुवर पंजीयन में उसमें व्यापारी एवं सेवा सहकारी समिति के पंजीयनकर्त्ता के मिली भगत से जीन किसानों के खसरा-किस्त बंदी के खाते में तुवर अंकित न होने के बावजुद भी उनका पंजीयन कर बहुत अधिक मात्रा में तुवर अंकित की जा रहा है, जिन किसानों के खसरा किस्त बंदी में तुवर फसल अंकित होने के बावजुद उनमें से कई किसानों को फसल उपज बहुत ही कम मात्रा में एवं कई किसानों की बहुत ही अधिक मात्रा में तुवर उपज चढाई कई है। जो कि गलत है।

### समाधान नहीं होने पर अधिकारियों की करेंगे मुख्यमंत्री से शिकायत

चर्चा के दौरान जनपद पंचायत सौसर अध्यक्ष श्री भूते ने बताया किसानो द्वारा तुवर फसल की लगाने के बाद भी उनके खसरा किस्त बंदी में पटवारी एवं सर्वेयर द्वारा फसल अंकित नही की गई है। जिससे किसान अपनी उपज शासकीय समर्थन मुल्य पर नही बेज पा रहे है। उक्त अनियमित्ता की जाँच कर जिन किसानों द्वारा फसल बुआई की गई थी पटवारी एवं सर्वेयर के लापरवाही के कारण जिन किसानों के खसरा किस्त बंदी पर अंकित नही किया गया है। उन किसानों के खसरा बंदी पर अकित कर किसानों को समर्थन मुल्य का लाभ मिल सकें, समस्या का समाधान नहीं होने पर मुख्यमंत्री से भी शिकायत की जाएगी, इस अवसर पर राजेन्द्र भक्ते,नामदेव पाल, देवेन्द्र गायकवाड़, हरि धुर्वे, खेमराज सोनेकर,सुनंदा उइके, वंदना इवनाती, गुलाबराव पांडे, नलिनी रुंघे, मारोती कारोकार, सारिका परतेती, मंदाबाई ताजने, गायत्री गायकवाड, रेणू सालोटकर, रत्नमाला पराडकर, नारायण वाडोदे, प्रतिभा उइके, विल्सन मेश्राम, जनार्दन टापरे, सेवकराम गमे, छाया शिंदे, ममता गायकवाड़ उपस्थित थे।

## पत्रकार न्याय यात्रा पांढुर्ना से रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

गत 15 मई को बालाघाट से निकली मध्यप्रदेश के पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और न्याय की मांग को लेकर निकली न्याय यात्रा का आज जिला प्रेस क्लब कार्यालय पांढुर्ना में भव्य सत्कार किया गया। ज्ञात हो कि यह यात्रा पत्रकारिता के मूल्यों और लोकतंत्र की आवाज को जीवंत रखने की एक कोशिश हैं। इस मौके पर जिला प्रेस क्लब, विधायक निलेश उईके, नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे एवं जनपद पांढुर्ना के उपाध्यक्ष भीमराव वालके का पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द बनाए जाने को लेकर पत्र भी सौंपा गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रदेश के पत्रकारों के हित में ज्ञापन देने निकली न्याय यात्रा बालाघाट के पत्रकारगण सिवनी, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंगपुर, छिंदवाडा, पांढुर्ना, बैतुल और नर्मदापुरम जिलों से गुजरते हुए प्रदेश की राजधानी भोपाल पहुंचेगी। आज इस न्याय यात्रा में शामिल पत्रकारगण हिमांशु जैन, सुरेंद्र श्रीवास, विजय मिश्रा, आशीष भगत, मिलिंद ठाकरे, रोतिन8ायडू और अंकुश चौहान जिला प्रेस क्लब कार्यालय पांढुर्ना पहुंचे। कार्यालय में सभी अतिथिगणों के सत्कार उपरांत इन्हें प्रेस क्लब द्वारा मुख्यमंत्री महोदय के नाम एक पत्र सौंपा गया जिसमें पत्रकारों की समस्याओं का उल्लेख किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को दिए जाने वाले ज्ञापन में पत्रकारों पर बढते हमलों के कारण इन्हें सुरक्षा प्रदान करने कानून बनाने, किसी के द्वारा पत्रकारों की शिकायत की जाने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी द्वारा इसकी जांच करने, शासन द्वारा वैध पत्रकारों की सूची कार्यालयों में उपलब्ध कराने तथा अन्य मांगों का उल्लेख किया गया है।

## घर-घर जाकर भाजपाध्यक्ष कर रहे है बच्चों का सत्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहन के द्वारा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में जिन बच्चों ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर क्षेत्र जिले और प्रदेश में नाम रोशन किया है ऐसे परिवारों के घरों में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सत्कार किया जा रहा है, मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में आए रिजल्टनगर के वार्ड नंबर 13 निवासी स्व सुनील लोनारे के पुत्र एवं शासकीय प्रभावती मानेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सौसर के छात्र नयन लोणारे ने मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं कक्षा की परीक्षा में 96.4% अंक अर्जित कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गणित विषय में उन्होंने शत-प्रतिशत यानी 100 में 100 अंक प्राप्त कर एक मिसाल कायम की है। इस उपलब्धि पर जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़ ने स्वयं उनके घर पहुँचकर बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन किया।साथ ही कमलेश गोटेकर के पुत्र परमिल गोटेकर द्वारा सीबीएसई बोर्ड में परीक्षा में 97.6%अंको शंकर वरुडकर के पुत्र संकेत वरुडकर द्वारा सीबीएसई बोर्ड में परीक्षा में 93.6% अंको से उत्तीर्ण करने पर स्वागत किया, इस अवसर पर रामाकोना मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल, पप्पी सेलुकर, गोलू वाडेकर, राजू बाविस्टॉल, राजेश लोणारे, दयाराम लोणारे ,दिनेश भलावी निलेश सेलुकर उपस्थित थे। छात्र नयन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। जिला भाजपा अध्यक्ष मोहोड़ ने कहा कि सौसर क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि हमारे बच्चों ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सौसर क्षेत्र का नाम प्रदेश में रोशन

## चमेली बाबा का 11वां सालाना उर्स में आज होगा कव्वाली का मुकाबला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

ग्राम भमोड़ी स्थित नॉर्थचांदामेटा वार्ड क्रमांक 20 में चमेली बाबा की दरगाह में सालाना उर्स हर साल मनाया जाता है । जिसमें आज कव्वाली का मुकाबला होगा ।हर साल की तरह इस साल भी नार्थ चांदामेटा से शाही संदल निकाला गया । जो गांव का गश्त करता हुआ चमेली बाबा दरगाह पहुंचा । तदुपरांत बाबा को चादर चढ़ाकर फातेया पढ़ी गई एवं परचम कुशाई की गई । इसके बाद लंगर का इंतेजाम किया गया । इस वर्ष कव्वाली का शानदार प्रोग्राम दिनांक 20/05/25 को जबलपुर के कव्वाल सरवर नियाजी और नैनपुर के कव्वाल अजगर अयान ब्रदर के बीच मुकाबला होगा । शाही संदल कार्यक्रम में अमित तिवारी , अबरार रिज़वी , शेख आबिद , राज कैथवास , मो.असलम , धीरज श्रीवास्तव , मो.मजहरब, लक्की तिवारी , संस्कार दुबे , मो.कदीर , भोलाशंकर वर्मा , आकाश वर्मा ,बमो.समीर , रियाज खान , मो.मोहसिन , मो.आबिद सोनल शेंडे और चमेली बाबा को चाहने वाले सेंकड़ों लोग उपस्थित रहे ।



### खेलो बढ़ो अभियान के तहत निशुल्क वालीबॉल प्रशिक्षण शिविर

**जुन्नारदेव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र जुन्नारदेव द्वारा खेलो बढ़ो अभियान के तहत 30 दिवसीय निशुल्क वालीबॉल प्रशिक्षण शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में चलाया जा रहा है। ग्रामीण युवा समन्वयक विभा तारन ने बताया कि खेलो बढ़ो अभियान युवाओं को खेलो से जोड़ने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रदेश सरकार ने शुरू किया है। योजना का उद्देश्य प्रतिभाशाली युवाओं को खेलो की दुनिया से परिचित कराना है साथ ही इसमें युवाओं को सफल खिलाड़ी के रूप में तैयार करना है 35 खिलाड़ी निशुल्क शिविर में उत्साह पूर्वक वालीबॉल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। वालीबॉल प्रशिक्षण प्रशांत डोंगरे द्वारा दिया जा रहा है इस अवसर पर प्राचार्य रामपुर पी आर पन्द्राम , ब्लॉक समन्वयक विभा तारन, शिक्षक सुरेश पांडोले, प्रशांत डोंगरे, उपस्थित रहे ।

### सिविल डिफेंस वॉलेंटियरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में सोमवार को जिलें के सिविल डिफेंस वॉलेंटियरो का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम होमगार्ड लाईन बालाघाट में आयोजित किया गया। कार्यशाला में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं नेहरू युवा केन्द्र से श्री सीआर जंघेला की उपस्थिति में तथा जिला सेनानी होमगार्ड श्रीमती रजनी खटीक के मार्गदर्शन में 39 नये सिविल डिफेंस वॉलेंटियरों को होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ टीम द्वारा डिमास्ट्रेशन के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। जिसमें आपातकालीन स्थिति में हवाई हमला, अग्नि आपदा, प्रथमोप्चार, हवाई हमलें की चेतावनी एवं सायरन की जानकारी, ब्लैक आउट के समय रेड सिंगल आने पर की जाने वाली कार्यवाही, सावधानियाँ, कैजुअल्टी में लिफ्टिंग मूविंग विधि, आदि विषयों के संबंध में तथा नागरिक सुरक्षा की 12 महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी के संबंध में प्रशिक्षण के दौरान सिखलाई दी गई।

### 20 दिनी समर कैंप में बच्चे सीख रहे विविध कलाएं

## पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला लांजी में समर कैंप का हुआ आयोजन आज है समापन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी आमगांव रोड बिसोनी में स्थित पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 1 मई से 20 मई 2025 तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सृजनशीलता, कला और कौशल का विकास करना हैं। शिविर में प्रशिक्षक वर्ग ने विद्यार्थियों को सहभागिता करवाकर आपसी सहयोग, टीम वर्क और समस्याओं का समाधान सिखाया। शिविर में बच्चों ने शब्द पहेली, चित्र कला, लेखन, बिग बुक निर्माण, मैजिक स्क्वायर, स्थानीय मान संबंधित खेल, बिल निर्माणए संख्या संबंधी खेल, मेहंदी, ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर,गायन स्थित अन्य विविध विधाओं को सीखा। शिविर के दौरान उपस्थित बालिकाओं ने बताया की उक्त समर कैंप में उन्हें बहुत कुछ सीखने मिल रहा है। यहां आकर उन्हें ब्यूटी पार्लर, मंच संचालन, संगीत के अलावा बहुत कुछ शिक्षकों द्वारा बताया जा रहा है। शिविर संचालक आनंद लटारे ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक पीएमश्री स्कूलों में एक मई से 20 दिनों के लिये समर कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें हमारी शाला में विद्यर्थियों को समर कैंप में आमंत्रित किया गया है। शिविर में कम्प्यूटर प्रशिक्षण, मेंहदी, सिलाई कार्य, तबला वादन, गायन, ब्यूटी पार्लर, इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स आदि विविध कलाएं हमारे शिक्षकों द्वारा सिखाई जा रही है। इससे बालिकाएं अपने जीवन में स्वरोजगार अपना सकती है। उन्होने बताया कि इस बार भी बच्चों को अलग-अलग विषयों की जानकारी दी जा रही है। योग, व्यायाम, आर्ट एंड क्राफ्ट, खेलकूद और कंप्यूटर शामिल हैं। 20 मई को समापन होगा। उस दिन बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिए जाएंगे। कैंप के सफ ल आयोजन में जिन शिक्षकों को लगाया गया था वह समय पर यहां उपस्थित होकर बच्चों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। इस तरह हमारे शाला परिवार द्वारा समर कैंप का सफल आयोजन किया जा रहा है।

## शासकीय कन्या शाला रामपायली का 10वीं का 83.3 व 12 वीं का 94.7 प्रतिशत परीक्षाफल रहा

### 12 वीं में स्नेहा व 10 वीं में माही ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।





माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा बोर्ड परीक्षा 2024-25 का परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपायली का इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय का हाई स्कूल परीक्षा कक्षा दसवीं का परिणाम 83.3 प्रतिशत और हायर सेकेंडरी परीक्षा कक्षा 12 वीं का परिणाम 94.7 प्रतिशत रहा।

विद्यालय की हायर सेकेंडरी परीक्षा कक्षा 12 वीं में कुल 114 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिनमें से प्रथम श्रेणी में 93 व द्वितीय श्रेणी में 14 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार हाई स्कूल परीक्षा कक्षा दसवीं में कुल 60 छात्र -छात्राएं सम्मिलित हुए। जिनमें प्रथम श्रेणी में 32 व द्वितीय श्रेणी में 18 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12 वीं में प्रथम स्थान स्नेहा डोंगरे 92.4 प्रतिशत,द्वितीय स्थान पूजा दानवे 88.4 प्रतिशत और तृतीय स्थान मुस्कान फुलबांधे 86.02 प्रतिशत अंकों के साथ हासिल किया। कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान माही मरठे 94.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सृष्टि कोहरे 92.8 प्रतिशत व तृतीय स्थान वंशिका आड़े 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

विद्यालय प्राचार्य श्रीमती मंजूषा ठाकुर ने विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम पर सभी विद्यार्थियों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों और शिक्षकों की लगन एवं मेहनत का परिणाम हैं। भविष्य में भी इसी प्रकार का परिणाम लाने के लिए हम सदैव तत्पर्य हैं। इस परिणाम से विद्यालय में हर्ष व्याप्त हैं। परीक्षा परिणाम पर विद्यालय के शिक्षकों ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

**विधायक विवेक पटेल ने किया सम्मानितः** वारासिवनी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक पटेल द्वारा विद्यालय के 12 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा 10 वीं से कुमारी माही मरठे, कुमारी सृष्टि कोहरे, कुमारी वंशिका आड़े, कुमारी नेहा राणा, आकांक्षा चौधरी, आयुष राणा तथा कक्षा 12 वीं से स्नेहा डोंगरे, पूजा दानवे, मुस्कान फुलबांधे, आकांक्षा डोंगरे, समीर नानवटकर, ओम बिसेन को प्रशस्ति पत्र बैग प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने अपना परचम लहराने पर विशेष बधाई देकर स्नेह आशीर्वाद दिया।

## प्रेरणादायी कार्यक्रमो के साथ सम्पन्न हुआ बिदाई समारोह



हरिभूमि न्यूज उकवा।

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के फाइनल के छात्रो को आज प्रथम वर्ष के छात्रो द्वारा बिदाई दी गई जिसमें पूर्व छात्रो के अनुभव उनकी सफलता के कारण से प्रथम वकर्ष के छात्र लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रमो के माध्यम से रंगारंग प्रस्तुति दी गई व अपने अपने अनुभव साझा किए, बहुत ही आनंदमयी कार्यक्रम ने सभी को मुग्ध कर दिया व आत्मिक संवेदनाओं ने आंखों में आंसू भी ला दिए। इस बिदाई समारोह में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील बर्मन विकासखंड समन्वयक महेश पटले परामर्शदाता शिवनाथ यादव, सुरेश यादव, कुंदन मेरावी, ज्योति बिसेन, उमेश्वरी राहंगडाले नवांकुर संस्था के सदस्य मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्रो MSW-1 से छात्र संदीप गजभिये,विमल भावे ,अभय यादव,ज्योति कुर्वेति, मोनिका ठाकरे,राजेश मसराम,दामियंती टेमरे, अमित बिसेन, अंकित बिसेन, कुलदीप अजित,लवकेश सोनवनी BSW-1 से नीलिमा यादव,अविका यादव,नेहा बिसेन,शीतल बिसेन,अंजलि पटले, पायल चौहान, ज्योति यादव,गोदावरी कटरे,सोनिका यादव,रक्षा पारधी BSW-2 से रेखा ठाकरे,जागेस्वर बोरकर, अर्जुन मरकाम BSW-3 से दीपलता चौधरी ,दीपा घनवीर, हेमलता,रमेश मरकाम के अध्ययन रत समाजसेवी छात्र ,छात्रा की गरिमामय उपस्थिति मे संपन्न हुआ।

## शासकीय महाविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर के लिए प्रवेश प्रारंभ




### 4 जुलाई तक चलेगी ई-प्रवेश प्रक्रिया, 3 चरणों में होगी काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर के शासकीय महाविद्यालय लांजी में 15 मई से प्रवेश प्रारंभ हो गया है। इस संबंध में महाविद्यालय के प्रवेश नोडल अधिकारी सुरेंद्र चिखले ने बताया कि 2025-26 के स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं तथा एनसीण्टीण्ई पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा गाइडलाइन जारी कर दी गई है। जो विद्यार्थी स्नातक स्तर पर बीए/बीएससी एवं स्नातकोत्तर स्तर पर समाज शा स्त्र , अर्थशास्त्र, हिंदी साहित्य, भूगोल एवं राजनीतिक शास्त्र विषयों में एम.ए करना चाहते हैं वह आनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। आगे यह भी बताया गया है कि महाविद्यालय में ई-प्रवेश प्रक्रिया 15 मई से प्रारंभ हो गई है जो कि 4 जुलाई तक चलेगा। इस बार प्रवेश के लिए 3 चरणों में काउंसलिंग होगा। 2 चरणों की काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद तीसरा चरण कालेज लेवल पर होगा। इस बार ई-प्रवेश एप्प तैयार किया गया है। जिससे विद्यार्थी घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। वहीं जिन विद्यार्थियों को घर से पंजीयन करने में समस्या होगी। वे नजदीक के कालेज या हेल्प सेंटर की मदद ले सकते हैं।

## बाल एवं नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अंकित खरोले की सिविल अस्पताल लांजी में पीजीएमओ के पद पर हुई पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज लाँजी।



लाँजी नगर मे स्थित सिविल अस्पताल में बच्चो एवं नवजात शिशुओं के उपचार के लिए राज्य शासन के आदेशानुसार बाल एवं नवजात शिुश रोग विशेषज्ञ डॉ अंकित खरोले की पीजीएमओ के पद पर पदस्थापना की गई है। जानकारी अनुसार डॉ. अंकित खरोले चिकित्सा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पूर्ण करने के उपरांत वर्तमान में उन्हें एनबीएसयू (न्यू बॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट) लांजी के अंतर्गत पदस्थापित किया गया है। डॉ अंकित खरोले जो की प्रारम्भ से ही एक प्रतिभाशाली छात्र रहे है, की प्रारम्भिक शिक्षा कक्षा 8 तक रानी अवन्ति बाई स्कूल लांजी में एवं 9 से 12 तक की उत्कृष्ट स्कूल लांजी से हुई है। वहीं इन्होने एमबीबीएस की शिक्षा श्री ऑरोबिन्दो इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, इंदौर से पूर्ण की है। जिसके पश्चात वर्ष 2020 में डॉ. अंकित खरोले की प्रथम नियुक्ति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा में हुई थी जहां से वर्ष 2022 में इनका स्थानांतरण सिविल अस्पताल लांजी में हुआ था। डॉ. अंकित खरोले ने चर्चा के दौरान बताया कि वर्ष 2023 से 2025 में इन्होने डिप्लोमा इन चाइल्ड हेल्थ (पीडियाट्रिक्स) विदिशा से पूर्ण किया। गौरतलब हो कि डॉ. अंकित खरोले सिविल अस्पताल लांजी में अस्पताल सहायक के पद पर पदस्थ राजकुमार खरोले के ज्येष्ठ पुत्र है। वहीं राजकुमार खरोले के अन्य दो पुत्रो में से एक डॉ अमित खरोले चिकित्सा अधिकारी के पद पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ी बालाघाट में पदस्थ है एवं डॉ सुमित खरोले पीपुल्स मेडिकल कॉलेज भोपाल में इंटर्नशिप कर रहे है। डॉ अंकित खरोले की इस उपलब्धि पर उनके माता पिता, मित्रगण, साथी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया है एवं शुभकामनाए दी है।

## खबर संक्षेप

### गांव जा रहे दो राहगीरों को बाइक ने मारी टक्कर, चालक समेत तीन घायल


**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के केवलारी गांव के पास रविवार रात को घंसौर से पहाड़ी गांव जा रहे दो राहगीरों को पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में पवन तेकाम, रोहित परते और कन्हैया कुसराम शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दो घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।लोग कर रहे लापरवाही घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। दुर्घटना वाली जगह पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है, लेकिन लोग लापरवाही बरत रहे हैं।

### राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार ऑनलाईन आवेदन की संशोधित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले से शिक्षकों द्वारा पर्याप्त संख्या में राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार 2025 हेतु ऑनलाईन आवेदन नहीं किये गये है जिसके कारण लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र.भोपाल के द्वारा निर्धारित समावधि में 15 दिवस की वृद्धि की गई है। अतः राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार हेतु विमर्श पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन एवं नामांकन एवं शिक्षक द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों/पाँच वर्ष के परीक्षा परिणाम को अपलोड करने की संशोधित तिथि दिनांक 15 अप्रैल से 30 मई 2025 तक निर्धारित की जाती है। शेष निर्देश यथावत रहेगें। जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस.कुमरे ने जिले के समस्त संकुल प्राचार्यो को ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जिन्होने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्य किया है उन्हें संशोधित तिथि से अवगत कराते हुए समय सीमा में आवेदन करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश जारी किया है।

### जिले मे डिब्बाबंद पानी की गुणवत्ता और ट्रीटमेंट प्लांट की आखिर क्यों नही होती जांच

# हाय गर्मी...कोल्ड ड्रिंक्स से ज्यादा डिब्बा बंद पानी पी जाते हैं लोग




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

चौंकिए मत। यह आम शहरों की तरह सिवनी शहर और गांवों की हकीकत है, जहां डिब्बाबंद पानी कोल्ड ड्रिंक्स से ज्यादा आम घरों में खरीदकर पिया जा रहा है। कम से कम प्रतिदिन हजारो डिब्बा पानी की खपत है। कई आरओ प्लांट बिना रजिस्टर्ड ही सेवा दे रहे हैं, जिनकी गुणवत्ता नियंत्रण के प्रयास प्रशासनिक स्तर पर नहीं हो पाए हैं।

शहर में दुकानें और सरकारी-अर्धशासकीय, निजी कार्यालयों में ब्रांडेड बॉटल के साथ ही बंद डिब्बा में लूज पानी की आपूर्ति 90 फीसदी है। इसके अलावा अब घर-घर पानी पहुंचने लगा है। जितना लोग कोल्ड ड्रिंक्स नहीं पीते, उतना पानी पी रहे हैं। ऐसे में ट्रीटमेंट वाटर प्लांट मुनाफे का कारोबार बन गया है। **वाटर प्लांट में नेतागिरी ज्यादा, नहीं हो पा रही जांचः** देखा जाए तो इन वाटर प्लांट का संचालन करने वाले लोग नेतागिरी से जुड़े है। जिससे उनकी विधिवत जांच नहीं हो पा रही है। खासकर पानी की गुणवत्ता पर हमेशा सवाल उठते रहे हैं कि पानी की हार्डनेस को सॉफ्ट करने में क्या संसाधन लगते हैं। इनका विधिवत उपयोग हो पाता है या नहीं।

**गर्मी के तीन माह में ज्यादा, बिना पानी नहीं हो रही शादी**

गर्मी के तीन माह अप्रेल,मई और जून में शादी-ब्याह के चलते डिब्बा बंद पानी का कारोबार ज्यादा है। इसके अलावा हर माह जन्मदिन, तेरहवीं समेत अन्य सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम में भी यहीं पानी उपयोग हो रहा है। ये एक सामाजिक चलन में आ गया है।

### पानी में रसायन ज्यादा, जांच पर होता है संदेह

जिले में जगह-जगह भू-गर्म में खनिज आदि की मात्रा भरपूर है। ऐसे में पानी के अंदर मरकरी, लेड, फ्लोराइड, क्रोमियम, कैडमियम, व नाइट्रेट जैसे रसायन के होने की पूरी संभावना है। ट्रीटमेंट प्लांट में इसकी विधिवत जांच हो पा रही है या नहीं,इस पर संदेह बना हुआ है।

### यह है आरओ प्लांट के नियमः

**लाइसेंसः** आपको स्थानीय नगर निगम या अन्य संबंधित प्राधिकारी से आरओ प्लांट के संचालन के लिए लाइसेंस लेना होगा।

**जल परीक्षणः** आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप जो पानी शुद्ध कर रहे हैं, वह मानकों के अनुसार सुरक्षित है। इसके लिए आपको पानी की नियमित रूप से जांच और परीक्षण करवाना होगा।

**प्रदूषण नियंत्रणः** आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपका प्लांट प्रदूषण नियंत्रण नियमों का पालन करता है।

**खाद्य सुरक्षाः** यदि आप बोतलबंद पानी बेच रहे हैं, तो आपको खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) से खाद्य लाइसेंस प्राप्त करना होगा। **अन्य नियामकः** आपको भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के नियमों का पालन करना होगा। **स्थानः** आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपका प्लांट जल के स्रोतों के पास हो और परिवहन के लिए सुविधाजनक हो. **भूमिगत जलः** आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप भूमिगत जल के अधिकतम उपयोग का उपयोग नहीं कर रहे हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियानः नपा अध्यक्ष एवं पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा मठ तालाब की गई साफ-सफाई

**मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 30 जून 2025 चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर सु संस्कृति जैन के मार्गदर्शन जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विविध गतिविधियां संचालित हैं।**





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा सोमवार को मठ तालाब सिवनी में साफ सफाई की गई जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी, पार्षद रविशंकर भांगरे, राजिक अकील, मति रामकुमारी बरमैया, विक्रांत दुबे, पूर्व पार्षद दीपू मिश्रा, संजीव मिश्रा, तनु वास, कौमी एकता से असलम बाबा, नीलमचंद सोनी, वार्ड के नागरिकगण, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विशाल सिंह मस्कोले, निकाय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगणों द्वारा श्रमदान के माध्यम साफ-सफाई की गई। तालाब में लगे कचरे को काटा गया इस अभियान में स्थानीय जनों सामाजिक कार्यकर्ताओं सामुदायिक नेतृत्व द्वारा तालाब से प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं कचरा निकाला गया। एवं अन्य जल स्त्रोतों तथा जल की उपयोगिता महत्वता से नागरिको को अवगत कराया जा रहा है।

वहीं नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों एवं नगरीय जल स्त्रोतों में उत्साह पूर्वक कार्यक्रमों का आयोजन लगातार जारी है।

इन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से स्थानीय जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही अधिकतम नागरिकों को अभियान से जोडने के लिए दीवार लेखन, नारे रैलियों के माध्यम से प्रचार.प्रसार की गतिविधियां की जा रही हैं।

# डिफेंस के सदस्यों को किया गया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाए जाने हेतु आमजन को प्रेरित किया जा रहा है, एवं यातायात व्यवस्था को महत्वपूर्ण आयोजनों के दौरान सुगम बनाने हेतु पुलिस का सहयोग करने वाले नगररक्षकों/सिविल डिफेंस के सदस्यों को सम्मानित किया जा रहा हैं। विगत वर्ष विभिन्न विभिन्न त्योहार पर्वों पर यातायात व्यवस्था में थाना यातायात का सहयोग करने वाले नगर रक्षक समिति के सदस्यों को पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा पुलिस लाइन सिवनी में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित सदस्यों में प्रेरणा जंघेला, गीताजंली यादव, देव सराठे, अंकित विश्वकर्मा, मनीष सूर्यवंशी, खुशी असाटी, विशाखा रजक, शीतल बघेल, जितेंद्र ब्रह्मे एवं प्रशांत उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा नगर रक्षक सदस्यों को जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अनुशासन को जीवन में अपनाने एवं लगन से मेहनत करने हेतु अभिप्रेरित किया गया। इसके साथ ही उन्हें अपनी ओर से आवयश्क सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा, नगर पुलिस अधीक्ष पूजा पांडे, रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू, थाना प्रभारी यातायात विजय बघेल उपस्थित रहे।

# कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाईक सिहत पांच शातिर चोर दबोचे

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराधों के रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास किये जाते रहे हैं, जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूवन शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं।**


कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की बाईक साईकिल को किया जप्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

इसी क्रम में चोरी की पांच मोटर सायकिल पकड़ने में कोतवाली पुलिस ने सफलता प्राप्त की। घटना दिनांक 17/03/2025 को प्रार्थी गजानंद यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी की चचरिया रोड़ रेस्टोरेन्ट के पास से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर सायकिल चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 188/2025 धारा 303(2) बीएनएम कायम कर विवेचना में लिया गया। दिनांक 16/05/2025 को प्रार्थी अवधेश करोसिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी की दादू दर्मशाला से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर सायकिल चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 389/2025 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। दिनांक 16/05/2025 को प्रार्थी विशाल तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी की मिलन गार्डन के पास से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर सायकिल चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 394/2025 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। दिनांक 17/05/2025 को प्रार्थी सिध्दार्थ जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी की टीवीएस शोरूम के पास से कि 02 अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर सायकिल चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 393/2025 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटनाओं का घटित करने वाले अज्ञात आरोपियों की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर मुखबिर लगाये गये गये एवं पूर्व में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों से पूछताछ की गई जिसमें अलग-अलग मामलों में 05 आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर मोटर सायकिल चोरी करना स्वीकार किये जिसके कब्जे से 05 मोटर सायकिल बरामद की गई जिसमें 14 मोटर साथिकल में पूर्व में धाना कोतवाली में अपराध पंजीबध्द है एवं 1 मोटर सायकिल धारा 35(1) बीएनएसएस, 303(2) बीएनएस में जान कर वाहन मालिक की पतासाजी की जा रही है।

**उक्त कार्यवाही मे** निरीक्षक किशोर बामनकर, प्र. आर. नवीन तिवारी, प्रशांत राठौर, मनोज पाल, विशाल भागरे, आरक्षक नितेश राजपूत, अमित रघुवंशी, प्रतीक बघेल, सिध्दार्थ दुबे, विक्रम देशमुख, इरफान खान, थाना लखनवाडा से सउनि योगेन्द्र सिंह ठाकुर, प्र.आर. राजेश मात्रे एवं चीता स्टाफ विशेष भूमिका रही।

# राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर मनरेगा श्रमिकों से संवाद करेगा राजीव गांधी पंचायत राज संगठन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

**भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 21 मई 2025 को सायं 3.30 बजे स्थान वृक्षारोपण स्थल लावासर्रा (कुरई) में मनरेगा श्रमिकों से संवाद किया जायेगा।**

राजीव गांधी पंचायत राज संगठन की प्रदेश अध्यक्ष सुश्री मोना कौरव ने समस्त जिला संगठनों को निर्देश दिया है कि ईक्कसवी सदी के स्वप्न दृष्टा, संचार क्रांति एवं पंचायत राज के प्रणेता, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथी के अवसर पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के श्रमिकों से संवाद किया जावे।

इसी तारतम्य में दिनांक 21 मई 2025 का राजीव गांधी पंचायत राज संगठन जिला सिवनी एवं ब्लाक ईकाई सुकतरा द्वारा ग्राम लावासर्रा में मनरेगा श्रमिकों से संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री राजकुमार खुराना, पूर्व विधायक बरघाट श्री अर्जुन सिंह काकोड़यिा राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मोहन सिंह चन्देल, क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य एवं अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी सुकतरा श्री तेज सिंह रघुवंशी एवं घुमक्कड़ प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष श्री देवी सिंह चैहान सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए राजीव गांधी पंचायत राज संगठन ब्लाक ईकाई सुकतरा के अध्यक्ष श्री राम नारायण रघुवंशी एवं ग्राम पंचायत लावासर्रा के सरपंच श्री सुभाष धुर्वे ने समस्त पंचायत प्रतिनिधियों से इस अवसर पर उपस्थिति की अपील की है।

# मनुष्य के अंदर अधिक महत्वाकांक्षाओं का होना भी प्रभु भक्ति से दूर ले जाता है-महाराज

**हरिभूमि न्यूज। कहानी।** नगर कहानी में जारी श्रीमद् भागवत महापुराण के चतुर्थ दिन व्यासपीठ में विराजित जगद्गुरु डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज के द्वारा विभिन्न चरित्रों का वर्णन भागवत में उल्लेखित अनुसार किया गया विभिन्न हास्य सामाजिक धार्मिक जुमलो से ओतप्रोत कथा को विस्तार देते हुए चतुर्थ दिन के अंतिम चरण में श्री कृष्ण जन्म जन्म महोत्सव मैं श्रोता गण भाव विभोर होकर जमकर झूमेनिर्मल मन जन सो मोहि पावा मोहि कपट छल छिद्र न भावा जगद्गुरु डॉक्टर नर्सिंग देवाचार्य जी महाराज जी के मुखारविंद से कहानी में श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस कथा के दौरान बताया कि भगवान कहते हैं मेरी भक्ति तो करते हो मुझे हृदय में



विराजित देखना चाहते हो तो सर्वप्रथम अपने हृदय का मेल अलग करो तो जिज्ञासु भक्त ने भगवान से प्रश्न किया कि प्रभु आप कृपा कर बताइए कि मेरे अंदर मेल क्या है भगवान ने कहा मेल हम बताते हैं तुम्हारे अंदर जो काम क्रोध लोभ मोह ईर्ष्या द्वेष जलन छल कपट इत्यादि जो भरा हुआ मेल है वह अलग कर दो क्योंकि मुझे भक्तों का निर्मल हृदय चाहिए उल्लिखित यह सब नरक के पंथ हैं यदि हृदय में इतने सारे पदार्थों को भरे हैं तो भगवान का आना असंभव है तो भगवान ने विधि बतलाई कि मुझे कैसे पा सकते हो यही प्रयत्न करके हम उस परमपिता परमेश्वर को अपने हृदय में विराजमान कर सकते हैं मनुष्य के अंदर अधिक महत्वाकांक्षाओं का होना भी प्रभु भक्ति से दूर ले जाता है इसलिए मानव को अपने जीवन में सीमित महत्वाकांक्षाएं लेकर प्रभु की भक्ति पूरी तन्मयता से करनी चाहिए ज्ञात होवे कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 13/5 से 20/5 तक मनोज गोलानी मुकेश गोलानी एवं परिवार के द्वारा स्वर्गीय अंबिका प्रसाद गोल्हानी जी की स्मृति में संपन्न कराया जा रहा है।

# डूण्डासिवनी पुलिस ने कॉम्बिग गश्त में पकड़े फरार 08 गिरफ्तारी एवं 02 स्थायी वारंटी पुलिस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे फरार आपराधियो की धर पकड़ हेतु कॉम्बिग गश्त के पालन में दिनांक 17/05/2025 एवं 18/05/2025 की दरमियानी रात थाना स्टाफ व्दारा अलग अलग टीम बनाकर फरार अपराधियो की धर पकड़ की गई जिसमें निम्नांकित फरार अपराधियो को पकड़कर माननीय न्यायालय सिवनी पेश किया गया। गिरफ्तार वारंटी मे विजय पिता मानसिंह मर्सकोले निवासी छिंदीटोला (2) झामसिंह पिता हरेसिंह कुंजाम निवासी छिंदीटोला (3) गणेश पिता जीवनलाल पटले निवासी छिंदीटोला (4) मुकेश पिता श्मलाल पटले निवासी चीचबंद (5) राधेश्याम पिता तिजई धुर्वे निवासी गौशाला बंजारी (6) राजेन्द्र पिता हरेसिंह कुंजाम निवासी छिंदीटोला (7) आमीर पिता हसीब खान निवासी जनता नगर के दो वारंट (8) बलवंत पिता बाबूलाल ठाकुर निवासी आमाझिरिया स्थायी वारंटीः-(1) आसिफ पिता अब्दुल खान निवासी दरोगा मोहल्ला वार्ड न.18 थाना कोतवाली सिवनी (2) आकाश उर्फ विक्की पिता रामकिशोर वंशकार उम्र 31 साल निवासी नेर थाना कुंडीपुरा जिला छिंदवाडा (म.प्र)। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सतीश तिवारी, उपनिरी. मनोज जंघेला, सउनि. संजय बघेल. सउनि. निसार अहमद, प्र. आर. सुजानसिंह बघेल, प्रआर. सुंदर श्याम, प्र. आर. मुकेश गोंडाने, प्र. आर. संजू उईके, आर. रोहित रघुवंशी, आर. एजाज खान, आर. हिमेन्द्र सहारे, आर. अकलेश माहोरे, आर. अंशुमन राजपूत, आर. जितेन्द्र बघेल, सैनिक मो. वकील खान का सराहनीय योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत नवीन आवेदन आमंत्रित

सिवनी। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी में युवाओं के लिये स्वयं का उद्योग/सेवा/व्यवसाय स्थापित करने के लिये मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का वर्ष 2025-2026 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु samast.mponline.gov.in में ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

उन्होंने बताया कि परियोजना लागत उद्योग (विनिर्माण) [Manufacturing] इकाई के लिये राशि रूपये 50 हजार से 50 लाख तक एवं सेवा व्यवसाय हेतु रूपये 50 हजार से 25 लाख तक। आवेदक की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता 8 वीं कक्षा उर्तीण,। परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक न हो। परिवार से आशय यह है, कि आवेदक के अविवाहित होने पर आवेदक स्वंय एवं उसके माता पिता से है अथवा यदि आवेदक के विवाहित होने पर पति पत्नि एवं आश्रित बच्चों से है। यदि आवेदक का परिवार आयकर दाता है, तो पिछले 3 वर्षों की आयकर विवरण आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। आवेदक स्वयं किसी बैंक अथवा किसी वित्तीय संस्था से डिफाल्टर न हो तथा वर्तमान में आवेदक राज्य अथवा केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही न हो। इस योजनांतर्गत सभी वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित / शेष ऋण पर 3 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षो तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) दिया जायेगा। तथा जिस अवधि के दौरान हितग्राही का ऋण NPA बना रहता है उस अवधि के लिये कोई ब्याज अनुदान स्वीकार नही होगा। ब्याज अनुदान की राशि प्रतिपूर्ति के रूप वार्षिक आधार पर प्रदान की जायेगी। गारंटी फीस प्रचलित दर से अधिकतम 7 वर्षो तक (मोरेटोरियम अवधि सहित)। मुख्यमंत्री उद्यम कांति योजना में उद्योग, (विनिर्माण) सेवा, व्यवसाय क्षेत्र की समस्त परियोजनाएं CGTMSE अंतर्गत बैंक गांरटी के लिये पात्र है। अधिक जानकारी के लिये जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी से सम्पर्क किया जा सकता है।

### केवलारी नगर के समीपस्थ ग्राम खरसारु के शासकीय हाई स्कूल का मामला

# दुर्घटना को आमंत्रण देता, हाई स्कूल के मुख्य द्वार पर बना कुआँ

**हरिभूमि न्यूज केवलारी।**



नगर के समीपस्थ ग्राम खरसारु के शासकीय हाई स्कूल के मुख्य द्वार में ही निर्मित कुआँ। इन दिनों किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है, जब कोई बड़ी दुर्घटना,अनहोनी घट जाएगी ,तब शिक्षा विभाग के बड़े शिक्षा अधिकारियों की नींद शायद खुले।जब कोई छात्र,छात्राओं के साथ बड़ी दुर्घटना होगी,तब शायद प्रशासन नींद से जागेगा। ऐसे में ग्राम वासियों ,छात्र छात्राओं के पालकों के द्वारा बताया गया है कि शासकीय हाई स्कूल खरसारू के ठीक सामने, मुख्य द्वार पर ही एक बहुत विशाल कुआं का निर्माण पानी के लिए किया गया था जिसकी चौड़ाई और गहराई भी बहुत है जिसमे पूरे समय पानी भी बहुत रहता है।जोकि कुआँ की मुंडेर पूरी तरह से खुली हुई हैं।इससे हमेशा ही किसी बड़ी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।ऐसे में पूरे खरसारु गांव सहित आसपास के गांवों के छात्र छात्राएं इस शासकीय हाई स्कूल में पढ़ने को आते हैं और इन छात्र-छात्राओं के साथ कभी भी कोई बड़ी आकस्मिक दुर्घटना निर्मित हो सकती है।शाला प्रबंधन के द्वारा लगातार पत्राचार कर शिक्षा विभाग के बड़े उच्च अधिकारियों,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केवलारी को पत्राचार कर लगातार वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जा रहा है परंतु इस स्कूल की समस्या के लिये उच्च अधिकारियों के द्वारा कोई बड़ा कदम उठाकर इस कुएं में बड़ी जाली नहीं लगाई जा रही है। छात्र छात्राओं एवं अन्य लोंगो की सुरक्षा के जो उपाय होना चाहिए वह भी यहां नहीं किये जा रहे हैं जिससे छात्र छात्राओं के साथ ही शाला परिवार के लोगों को भी हमेशा यह डर बना रहता है कि इस कुएं के कारण कोई बड़ी अनहोनी ना हो जाए। कुआं के अत्यधिक गहरा होने से और उसमें ऊपर तक पानी भरा होने से हमेशा दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। जिला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, एसडीएम महेश अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी एवं शिक्षा विभाग के जिला अधिकारियों से इस ओर ध्यान देकर शीघ्र ही स्कूल के कुआँ में लोहे की जाली का निर्माण कर छात्र छात्राओं को बड़ी दुर्घटना से बचाने का अनुरोध केवलारी जागरूक नागरिक मंच के साथ ही ग्राम पंचायत खरसारु की आमजनता,एवं पालक शिक्षक संघ के सदस्यों ने की है। अब देखना यह होगा कि अखबार के माध्यम से यह खबर प्रकाशित होने के कितने दिनो बाद प्रशासन इस ओर ध्यान दे पता है।

## नहर लाइनिंग के दौरान हाईटेंशन लाइन से टकराया पोल

# विद्युत करंट से एक की मौत, एक युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में सिंचाई विभाग की नहर लाइनिंग परियोजना का बोदा गांव में जेसीबी से खुदाई के दौरान नहर के आर-पार जा रहे सर्विस तार को उठाने का काम चल रहा था। इस दौरान सोमवार को लोहे का पोल 11 केवी की हाईटेंशन लाइन से टकरा गया।

पोल को पकड़े हुए दोनों मजदूरों को करंट लग गया। हादसे में सुखबीर दमाहे (40) की मौके पर मौत हो गई। 25 साल के फूलचंद लिल्हारे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### परिजन का चक्काजाम, 3 लाख मुआवजा मिलने पर माने

मजदूर की मौत के बाद परिजन ने ढाई घंटे तक शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम किया। परिजन 4 बजे से साढ़े 6 बजे तक बोदा जाने वाली मुख्य सड़क पर बैठे रहे। वे 5 लाख मुआवजे की मांग कर रहे थे।

पूर्व सरपंच राजेश गोमासे ने बताया कि परिजन को ठेकेदार से ढाई लाख और प्रशासन से 50 हजार रूपए की सहायता राशि मिली है। इसके बाद चक्काजाम खुलवाया गया है।

### सरपंच ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया

ग्राम पंचायत के सरपंच सुरेंद्र लिल्हारे ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि काम शुरू करने से पहले बिजली बंद नहीं की गई। दोनों पीड़ित अपने घरों के सामने काम कर रहे थे।

### प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कैसी हुई घटना

पूर्व सरपंच राजेश गोमासे ने बताया कि वे घटना के समय मौके पर मौजूद थे। जेसीबी से नहर का काम चल रहा था। इसी दौरान सुखवीर और फुलचंद को जो विद्युत सर्विस लाइन गई उसके पोल को उठाने कहा गया था, लेकिन इस काम को कराने से पहले विद्युत लाइन बंद नहीं कराई गई थी। जिसके चलते 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से ये हादसा हो गया।

अस्पताल चौकी पुलिस मृतक का पोस्टमॉर्टम करवा रही है। संबंधित थाना पुलिस आगे की जांच करेगी। घटना के बाद ग्रामीण सिंचाई विभाग और ठेकेदार के खिलाफ आक्रोशित हैं। वे पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## महामृत्युंजयघाट के पास कार से 8 पेटी अवैध बियर जब्त

# कार्रवाईः शराब तस्करी करते हुए युवक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के एक मामले में कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। पुलिस ने महामृत्युंजयघाट के निर्माणाधीन पुल के नीचे घेराबंदी कर एक कार को रोका।

तलाशी में कार से बटवाईजर और किंगफिशर कंपनी की बियर की 8 पेटियां बरामद हुईं। कुल 66 लीटर शराब जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी रंजीत भगत (28) को गिरफ्तार किया। वह लालबर्रा थाना क्षेत्र के बघोली का रहने वाला है।

आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।




इस कार्रवाई में थाना प्रभारी विजय राजपूत, प्रआर गजेन्द्र माटे, राहुल गौतम और आर शेख शहजाद सहित कोतवाली स्टाफ शामिल था। जिले में अवैध शराब, जुआ और मादक पदार्थों के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

# सीएम हेल्पलाईन की नजर अंदाजी पर पीएचई सहायक यंत्री, शिक्षा अधिकारी और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों पर होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा ने सोमवार को समय सीमा बैठक में कई विभागों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री दीपक उइके से आंधी-तूफान के बाद हुए बिजली संकट की जानकारी ली।

कलेक्टर ने कहा कि मानसून में तेज हवा और तूफान आम बात है, लेकिन विभाग समय पर बिजली समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहा है।



### बिजली समस्याओं के लिए टोल फ्री नंबर जारी

एमपीईबी ने बिजली समस्याओं के लिए टोल फ्री नंबर 1912 और 9425806742 जारी किए हैं। अधीक्षण यंत्री उइके ने बताया कि पेड़ गिरने या तार टकराने पर ऑटोमेटिक प्रोटेक्शन सिस्टम एक्टिव हो जाता है, जिससे पूरी लाइन प्रभावित होती है।

### डीईओ का वेतन काटने के आदेश

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के कार्यों पर असंतोष व्यक्त किया। सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के कारण कई अधिकारियों पर कार्रवाई की गई।

स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लांजी सहायक यंत्री को शोकॉज नोटिस दिया गया। स्कूल शिक्षा विभाग की 44वीं रैंक पर डीईओ का वेतन काटने के आदेश दिए। जल संसाधन विभाग में कार्यपालन यंत्री और अधीक्षण यंत्री का वेतन रोका गया।

पीएचई विभाग से ट्यूबवेल खनन की अनुमतियों की सूची मांगी गई है। जल संकट के बाद दी गई अनुमतियों का सत्यापन अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे की अगुवाई में गठित टीम करेगी।

# शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए तीन स्तर पर आयोजित होंगे शिविर

### ब्लॉक स्तर पर 19, जिला स्तर पर 26 एवं संभाग स्तर पर 28 मई से होंगे प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा समस्त संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण एवं समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। डीईओ श्री एके उपाध्याय ने जिले में शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए तीन स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्णय लिए है। जिसके तहत विकासखण्ड स्तर पर 19 से 24 मई, जिला स्तर पर 26 से 27 मई और संभाग स्तर पर 28 से 30 मई तक शिविर आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों में शिक्षकों की समस्या क्रमोन्नति वेतनमान, वेतन संबंधी, सेवा अभिलेखों का अदत्तनीकण, आगामी 3 वर्षो में सेवा निवृत्त होने वाले शिक्षकों के वेतन निर्धारण का कोष एवं लेखा द्वारा परीक्षण किया जाकर वसूली योग्य प्रकरणों में सेवा से पूर्व वसूली का निर्धारण, पेंशनरी व अन्य लंबित स्वतत्वों का निराकरण एवं अन्य लंबित अभ्यावेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। प्रतिदिन 4 बजे शिविर में आये प्रकरणों व निराकरण की स्थिति की समीक्षा वीसी के माध्यम से होगी। प्रत्येक समस्या निवारण एवं शिविर की मॉनिटरिंग के लिए जिलेवार अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। बालाघाट जिले में शिविर की मॉनिटरिंग के लिए सहायक संचालक श्रीमती दर्शना झरिया को नियुक्त किया गया है।

## बालिकाओं के लिए निशुल्क कराते शिविर का हुआ शुभारंभ

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति योजना एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत, महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से सोमवार को 'अपराजिता निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर' का शुभारंभ जिले के कराते प्रशिक्षण केंद्र में किया गया। शिविर का उद्घाटन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीश शर्मा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 19 मई से 19 जून 2025 तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें किशोरी बालिकाएं, शाला त्यागी बालिकाएं, एवं अन्य इच्छुक बालिकाएं कराते व आत्मरक्षा की कला सीख सकेंगी।

# विद्युत पोल के अर्थिंग तार की चपेट में आने से गर्भवती भैंस की हुई मृत्यु

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेवारा निवासी रामचरण खरे पिता स्वर्गीय गोवर्धन खरे जाति मरार उम्र 58 साल ने पुलिस थाने किरनापुर में शिकायत दर्ज कराई कि मेरी दो नाग भैंस थी गांव की पूरी भैंस बजे सूचना है कि प्राथी रामचरण खरे पिता स्व. गोवर्धन खरे जाति मरार उम्र 58 साल निवासी नेवारा थाना किरनापुर् कि मैंने दो नग भैंस पाला था ,गाँव की पूरी भैंसो को गणेश ठाकरे चराने ले जाता है। 18मई2025 के दिन में करीबन 04.00 बजे की बात है मैं अपनी दोनों भैंसों को भसकी गणेश ठाकरे के पास चराने के लिये छोडने जा रहा था उसी समय मेरी एक भैंस गाँव के चौक में लगे ट्रांसफार्मर वाले विद्युत पोल में लगे अर्निंग तार से टकरा गई जिससे मेरी एक नग भैंस विद्युत करेंट की चपेट में आने से मौके पर फौत हो गई। फौत फौत हुई भैंस वर्तमान में गर्भवती थी। मेरी एक नग गर्भवती भैंस फौत होने से मुझे करीबन 75000/- रुपये की नुकसानी हुई है। भैंस की मौत विद्युत करेंट लगने से हुई है , पशु पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टर मेश्राम एवं फील्ड ऑफिसर उईके के द्वारा मृतक भैंस का पीएम कराया। इसकी जांच सावित्री इनवाती द्वारा की जा रही है।

## जल संगोष्टी व शपथ लेकर दिया जल संवर्धन का संदेश




**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत क्रियान्वयन निरंतर जारी है। मप्र जन अभियान परिषद द्वारा संचालित पाठयक्रम मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में अध्यनरत छात्रों द्वारा सोमवार को अपने अपने ग्राम में जल संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए शपथ वाले संगोष्टी का आयोजन शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय बैहर में किया गया। सीएमसीएलडीपी छात्रों द्वारा नुक्कड नाटक गीत व नृत्य के माध्यम से भी जनजागरण का कार्य किया गया। वहीं विकासखंड समन्वयक महेश पटले द्वारा सभी को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर यही संदेश ग्राम ग्राम जाकर देने के लिए प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में मेंटर श्री शिवनाथ यादव सुरेश यादव कुंदन मेंरावी श्रीमति ओमेश्वरी राहंगडाले ज्योति बिसेन व नवांकुर संस्था स्वैच्छिक संगठनो की सहभागिता रही।

# मलाजखण्ड नगर में कैच द रेन के लिए हो रही अनोखी पहल

**बालाघाट।** विश्व में खनिज के मामलें में नाम कमाने वाला मलाजखण्ड अब जल को कैच करने के मामले में भी अपनी ख्याति बनाने की ओर अग्रसर है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मलाजखण्ड नगर परिषद द्वारा एक अच्छी पहल की गई है। सीएमओ श्री दिनेश बाघमारे ने बताया कि नगर परिषद की कॉलोनी जिसमें 30 आवास है। इसमें 26 आवास पक्की छत वाले है। इन सभी में जल संरक्षण का प्रबंधन तो कर ही लिया है, साथ ही नगर परिषद का तीन मंजिला कार्यालय भवन में भी रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित कर दिए है। साथ ही नगर में 2 सामुदायिक भवनों में भी यह सिस्टम लगाया जा चुका है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की आवासीय कॉलोनी के 300 मकानों में कैच द रेन के लिए तेजी से कार्य किये जा रहे है।करीब 7000 हजार मकानों व भवनों वाले नगर में तकरीबन 2000 से 2500 ऐसे स्थान है जहां रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने योग्य है। सीएमओ श्री वाघमारे ने कहा कि प्रयास किये जा रहे है कि सभी भवनों से हम जल को कैच कर सके। प्रारम्भ में सभी शासकीय एवं अर्धशासकीय भवनों को लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही इसमें एचसीएल की कॉलोनी के 300 आवासों की है, जहाँ कार्य प्रारम्भ हो चुका है। इसके अलावा 15 दिनों में जिन भवनों पर यह सिस्टम लगाया जा रहा है। उसमें निजी भवन है जो नगर परिषद द्वारा अनुमति प्राप्त करते है। इसमें कुछ शासकीय भवनों पर भी लगाया गया है।

# जब जागो तब सवेरा इसलिए रात्रिकाल में भी जागरूकता अभियान

### चौपाल लगाकर जल का दुरूपयोग नही करेंगे ना ही करने देंगे के लिए संकल्पित हुई महिलाएं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

एक पुरानी कहावत है जब जागो तब सवेरा, इस कहावत को पूरा करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान में दिन रात प्रयास किये जा रहें है। यानी जल संसाधन के संवर्धन के लिए जिला प्रशासन के निर्देशन में रातों में भी जागरूकता लाने के प्रयास निरंतर जारी है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद के विकासखण्ड समन्वयक सुशील बर्मन एवं संतोष नगपुरे के मार्गदर्शन में रविवार को रात्रिकालीन समय में ग्राम पंचायत मोहगांव के ग्राम मालखेड़ी जन अभियान से जुड़ी महिलाओं के द्वारा चौपाल लगाकर जल संवर्धन के संदेश प्रसारित किया गया। जिसमें एशु मंडलवार नवांकुर संस्था ने जल के महत्व एवं जल संकट विषय सभी के समक्ष रखा। इस दौरान बताया गया कि जल स्त्रोतों जैसे कुएं तालाब और नदी नालों का संरक्षण करना ही जल संकट का एकमात्र विकल्प है। शासन के साथ अब समुदाय को भी आगे आना होगा। पानी कि एक एक बूंद मूल्यवान है। गांव में जल बचाव के लिए सभी जागरूक होंगे। तो यह विपत्ति हमारे गांव में कभी नहीं आएगी। ऐसा मानकर सभी ने जल का दुरुपयोग न करने का संकल्प लिया। साथ ही नदी नाले साफ स्वच्छ रहे समय समय पर स्वैच्छिक श्रमदान करने सहमति प्रदान किया। कार्यक्रम में लता टेभरे अनिता तुरकर कांता पटले लक्ष्मी टेंभरे सकुंतला पटले उपस्थित रहें।



## विद्यार्थियों के साथ जल संवाद कर दिलाई जल संरक्षण की शपथ

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम जिले वासियों द्वारा जल गंगा संवर्धन में सहभागिता स्थापित की जा रही है। इसी कड़ी में रानी दुर्गावती महाविद्यालय परसवाड़ा में श्री सुशील बर्मन जिला समन्वयक ने जल संवाद किया। साथ ही विद्यार्थियों को बताया कि जल संकट से निपटने जल स्त्रोतों जैसे नदी तालाब कुएं के संरक्षण की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। उन्होंने कहा कि मनुष्य ने भूमि का जल का शोषण किया है। जबकि दोहन करना था। वर्तमान में भूमि का जल स्तर निरंतर गिरता जा रहा है। जहां 40 फीट पानी था।

## वन विभाग से गश्ती बढ़ाने और पंचायत से प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की उठी मांग

# बाघ की आमद से नहर टोला के वाशिंदों में दहशत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तहसील मुख्यालय कटंगी से करीब 07 किमी दूर ग्राम पंचायत टेकाड़ी (म.) के नहर टोला में वन्य प्राणी बाघ की आमद हो चुकी है. जिसके बाद नहर टोला के वाशिंदों में डर का माहौल बना हुआ है. रविवार की रात्रि करीब साढ़े 11 बजे के आसपास नहर टोला में अंगुरिया तालाब में वन्य प्राणी बाघ को देखा गया. अंगुरिया तालाब गांव से बिल्कुल सटा हुआ है जहां रात्रि में बाघ दिखाई दिया है. ग्रामीणों ने वन विभाग को वन्य प्राणी बाघ के दिखाई देने की सूचना दी. जिसके बाद अरी रेंज के वन कर्मचारी मौके पर पहुंचे. वन कर्मचारियों ने पटाखों से शोर कर बाघ को गांव से दूर भगा दिया है हालांकि इसके बाद भी गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है. सोमवार की दोपहर साढ़े 12 बजे ग्रामीणों ने वन्य प्राणी बाघ के दिखाई देने जानकारी देते हुए वन विभाग से गांव में गश्ती बढ़ाने और ग्राम पंचायत से नहर टोला में प्रकाश व्यवस्था बनाने की मांग की है. ताकि वन्य प्राणी को गांव से दूर ही रखा जा सके. नहर टोला के ग्रामीणों ने कछार में हुई घटना के बाद तेंदूपत्ता तुड़ाई का काम बंद कर दिया है. गौरतलब हो कि अब तक वन्य प्राणी बाघ ने अलग-अलग गांवों में तीन लोगों को मौत के घाट उतार दिया है. जिससे ग्रामीणों में बाघों के हमलों का डर बढ़ रहा है, जिससे उनका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है. कई लोग जंगल के पास रहने से असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।





### आजीविका पर असर

वन परिक्षेत्र कटंगी के अलग-अलग गांवों में बाघों के डर से लोग जंगल में जाने से बच रहे हैं, जिससे तेंदूपत्ता इकट्ठा करने में कठिनाई हो रही है. इससे उनकी आय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है. तिरोड़ी तहसील के पठार अंचल के करीब दर्जन भर से अधिक गांवों में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य बंद कर दिया गया है. बता दें कि बाघों की बढ़ती संख्या और उनके प्राकृतिक आवासों के सिकुड़ने के कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ रहा है. इससे जान-माल की हानि हो रही है और वन विभाग को सुरक्षा के उपाय बढ़ाने पड़ रहे हैं लेकिन कहीं ना कहीं सरकार की तरफ से समय पर उचित प्रबंध करने में सहयोग नहीं मिलने के कारण वन विभाग जमीनी स्तर पर परेशान हो रहा है।

### कछार में तैनात वनकर्मी

दरअसल, इन दिनों कटंगी और तिरोड़ी दोनों ही तहसील क्षेत्र के करीब 03 माह से वन्य प्राणी बाघ को देखा जा रहा है. बाघ ने कुड़वा में एक किसान को मौत के घाट उतार दिया. इसके पहले सिलारी में खैरलांजी निवासी किसान की भी बाघ के हमले से मौत हुई. तीसरी घटना वन ग्राम कछार में अभी हाल के दिनों में हुई है. इन घटनाओं के बाद वन विभाग का अमला लगातार वन्य प्राणी बाघ की निगरानी में जुटा हुआ है. वन ग्राम कछार में पिंजरा लगाया गया है. इसके अलावा गांवों में प्रकाश व्यवस्था भी की गई है. उधर, पठार अंचल के गांवों में आए दिन वन्य प्राणी बाघ दिखाई देने से हड़कंप मचा हुआ है. जबकि वन विभाग के पास वन्य प्राणी बाघ को पकड़ने से लेकर सुरक्षा के तमाम बंदोबस्त की बेजा कमी है जिस पर सरकार के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को कोई ध्यान नहीं है. बाघ के हमले से मरने वालों को मुआवजा देकर इतिश्री की जा रही है. अब भी ग्रामीणों को यह डर बना हुआ है कि कहीं बाघ किसी की जान ना ले ले।

## जल शोधन सयंत्र कर्मी एवं जलप्रदाय विभाग की हुई अत्यावश्यक बैठक

# जलप्रदाय के संसाधन, उपकरणों को रखे चुस्त-दुरूस्त-नपाध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** शहरवासियों को दो वक्त पानी देने के लिये नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा प्रतिबद्धता है, इस कार्य में गंभीरता बरती जाये और लापरवाही नहीं होनी चाहिये। जल शोधन सयंत्र की मशिनरी और इलेक्ट्रिकल उपकरणों की निगरानी बनी रहे, आवश्यकता हो तो टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से इसे आकस्मिक परिस्थिति के लिये स्टॉक में रखा जाये। साथ ही शहर में जलप्रदाय शाखा द्वारा सुधार कार्य तथा फाल्ट को तुरंत ही दूर किया जाये।चूँकी कुछ वार्डों जैसे 04,10,32,23,11,12,13 से जलापूर्ति व फोर्स की शिकायतें लगातार मिल रही हैं जिनका तत्काल निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें वहीं जब तक सभी समस्याओं का निराकरण नहीं हो जायेगा तब तक जलप्रदाय शाखा के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगाने सीएमओ को आदेशित किया उक्ताशय की बातें जल शोधन संयंत्र कर्मचारियों और जलप्रदाय विभाग की अत्यावश्यक बैठक लेकर नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने कही।



बैठक में नपाध्यक्ष ने विभागीय समीक्षा की और बीते दिनों आंधी-तूफान की वजह से फिल्टर प्लांट की विद्युत आपूर्ति बाधित होने तथा सुधार कार्य को लेकर जानकारियां हासिल की। उन्होंने कहा कि इंटकवेल में रखरखाव ठीक हो तथा जरूरी संसाधनों, मशीनरी एवं उपकरणों को चुस्त-दुरुस्त रखा जाये। जिसके लिये टेंडर प्रक्रिया में गति लाई जाये और इन सामग्री को स्टॉक में रखे ताकि आकस्मिक परिस्थिति में जलप्रदाय प्रभावित ना हो। बैठक में जलप्रदाय शाखा को निर्देशित किया गया कि शहर के जिन वार्डो में फोर्स की समस्या है वहां पर त्वरित कार्ययोजना को अमल में लाया जाये और तकनीकी खामियों को दूर करते हुए फोर्स से जल ना आने की समस्या का निदान किया जाये। साथ ही उन्होंने वॉल्व खराब होने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कहा कि पुरानी तकनीक में मेटल के वॉल्व थे किंतु अब प्लास्टिक के पाईप में वॉल्व खोलने में सावधानी बरती जाये जिससे कि वॉल्व खराब ना हो और जलापूर्ति में समस्या ना हो। साथ ही निर्माण कार्यों के दौरान भी पाइप लाइन ख़राब होने से जलापूर्ति बाधित होती है इसके लिए सभी निर्माण कार्य एजेंसी की जवाबदेही सुनिश्चित की जाये जिससे इस तरह पाइप लाइन को कोई नुक़सान ना हो ।बैठक में कहा गया कि शहर के सभी जोन की पानी टंकियों में समय पूर्व जल संचय किया जाये जिससे कि निर्धारित वक्त पर वार्डो में जलप्रदाय हो सके।